आकाशवाणी केन्द्र शिमला
23.09.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

मुख्य समाचार

- आयुष्मान भारत योजना के सात वर्ष पूरे–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–योजना से देश में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में आई क्रांति।
- बहुचर्चित युग हत्याकांड मामले में प्रदेश हाईकोर्ट ने एक आरोपी को किया बरी–दो को उम्र कैद–फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी राज्य सरकार।
- राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित– आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा ने आयुष को बताया सामाजिक बदलाव का साधन।
- महिला विकास निगम ने शिक्षा ऋण को 75 हज़ार से बढ़ाकर तीन लाख रूपये करने को दी मंजूरी।
- दूसरे शारदीय नवरात्र पर आज की गई मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा–अर्चना।

पीएम–आयुष्मान भारत

आयुष्मान भारत योजना के सात वर्ष पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज ही के दिन वर्ष 2018 में इस योजना की शुरूआत की थी। प्रधानमंत्री ने कहा है कि आयुष्मान भारत के कारण भारत स्वास्थ्य सेवा में क्रांति का गवाह बन रहा है और इसने वित्तीय सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने दिखाया है कि कैसे क्षमता, करुणा और तकनीक मानव सशक्तिकरण को आगे बढ़ा सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत एक ऐसी पहल है जिसने भविष्य की जरूरतों का अनुमान लगाया और लोगों के लिए उच्च्य गुणवत्ता के साथ–साथ किफायती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि आयुष्मान भारत योजना से पिछले सात वर्षों में देश में 55 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। हमीरपुर से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि इस योजना से स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नई क्रांति आई है और गरीब व वंचित परिवारों को जीवन सुरक्षा कवच मिला है।

सूर्य घर मुफ्त बिजली

केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही सौर ऊर्जा उत्पादन योजनाओं को अपनाकर सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में हिमाचल एक बड़े प्रदेश के रूप में उभर रहा है। हाल ही में प्रदेश ने प्रधानमंत्री सूर्य हर घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत बड़ी प्रगति हासिल की है। योजना के तहत लगभग 16 मेगावाट क्षमता_के 4 हजार 367 संयंत्र घरों की छतों पर लगाए भी जा चुके हैं।

हिमाचल प्रदेश अब हरित ऊर्जा राज्य के रूप में पहचाना जाने लगा है। प्रदेश में ऊर्जा उत्पादन पूर्णतया हरित ऊर्जा के रूप में है जिससे प्रदेश की ऊर्जा खपत का 88 प्रतिशत पूर्ण किया जाता है। प्रदेश में ऊर्जा खपत में 100 प्रतिशत हरित ऊर्जा इस्तेमाल हो इसके लिए प्रधानमंत्री सूर्य हर घर मुफ्त बिजली योजना कारगर सिद्ध हो रही है। प्रदेश में इस योजना के तहत अब तक घर की छत पर लगभग 16 मेगावाट क्षमता के 4 हजार 367 संयंत्र लगाए जा चुके हैं। प्रदेश में लगने वाले ऐसे 3 हजार 864 संयंत्रों पर 33 करोड़ रूपए की सब्सिडी भी जारी की जा चुकी है। इस योजना के तहत पंचायतों तथा निकायों को प्रति संयंत्र एक हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। हिमाचल प्रदेश को पूर्णतया हरित ऊर्जा

राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में ये योजना एक बड़ा कदम साबित हो रही है और इस योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश सरकार ने एक और कदम बढ़ाते हुए सौर ऊर्जा के उत्पादन में बची हुई विद्युत को हिमाचल प्रदेश स्टेट इलैक्ट्रीसिटी बोर्ड लिमिटेड को बेचने का भी प्रावधान किया है। योजना के कार्यान्वयन में कांगड़ा जिला प्रदेश भर में अग्रणी रहा है। इस योजना के अंतर्गत हिमाचल में 90 हजार घरों में रूफ टॉप सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

<u>अनाथ बच्चे</u>

राज्य सरकार ने अनाथ बच्चों का भविष्य संवारने के लिए ठोस कदम उठाए हैं और कई नामी शैक्षणिक संस्थानों में ऐसे बच्चों को प्रवेश दिलाया गया है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि शिमला के तारा हॉल स्कूल में तीन, दयानंद पब्लिक स्कूल में 8 और सोलन के पाईनग्रोव पब्लिक स्कूल में चार अनाथ बच्चों का दाखिला करवाया गया है। प्रवक्ता ने कहा कि अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ स्टेट का दर्जा दिया गया है और उनकी देखभाल, सुरक्षा और शिक्षा की जिम्मेदारी 27 वर्ष की आयु तक राज्य सरकार वहन करेगी।

<u>युग मामला</u>

प्रदेश उच्च न्यायालय ने शिमला के बहुचर्चित युग हत्याकांड मामले में दोषियों को ज़िला व सत्र न्यायालय द्वारा दी गई फांसी की सजा को उम्र कैद में बदलने का आदेश दिया है। मामले की सुनवाई करते हुए आज उच्च न्यायालय की विशेष खंड पीठ ने एक आरोपी तजेन्द्र पाल को बरी कर दिया है जबकि दो अन्य दोषियों चंद्र शर्मा व विक्रांत बख्शी को उम्र कैद की सजा सुनाई है। अतिरिक्त महाधिवक्ता जितेन्द्र शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में जाएगी।

युग के पिता विनोद गुप्ता ने कहा कि उनके बेटे को न्याय नहीं मिला है और वे सुप्रीम कोर्ट में अपील करेंगे।

***मैं कोर्ट के फैसले से संतुष्ट नहीं हूं क्योंकि सबसे पहले तो हमें पता ही नहीं चला कि आज फैसला सुना रही है कोर्ट उसके बाद उनको किल तू डेथ की सजा सुनाई गई थी सेशन कोर्ट से आज उन्होंने उम्र कैद की सजा दे दी है 2014 से हमारे बच्चे को इंसाफ नहीं मिला 11 साल सुप्रीम कोर्ट तक जाऊंगा।***

<u>आयुर्वेद दिवस</u>

आज राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस है। इस मौके पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित कर आयुर्वेद के महत्व पर प्रकाश डाला गया। शिमला में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा ने की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आयुष सेवाओं को सिर्फ इलाज तक ही सीमित न रखकर इसे रोजगार, वैलनेस टूरिज्म और आर्थिक विकास का माध्यम बनाने का प्रयास कर रही है। आयुष मंत्री ने कहा कि आज आयुष सामाजिक बदलाव का साधन बन गया है और इसके माध्यम से युवाओं व किसानों को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

शिक्षा ऋण

महिला विकास निगम के निदेशक मंडल की आज शिमला में हुई बैठक में शिक्षा ऋण की सीमा को 75 हज़ार रूपये से बढ़ाकर 3 लाख रूपये करने को मंजूरी दी गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सामाजिक न्याय व आधिकारिता मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने बताया कि निगम द्वारा महिलाओं को शिक्षा ग्रहण करने के लिए चार फीसदी ब्याज दर और रोजगार के लिए 6 फीसदी ब्याज दर पर ऋण दिया जाता है। इसके लिए महिलाओं की पारिवारिक वार्षिक आय एक लाख रूपये से कम होनी चाहिए। बैठक में स्वरोजगार ऋण सीमा को एक लाख से बढ़ाकर तीन लाख रूपये करने को भी मंजूरी दी गई।

सेवा पर्व–रोजगार व उद्यमिता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर सरकार परिवर्तन व प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज इस विशेष श्रृंखला – सेवा पर्व में हम बता रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार रोजगार सृजन व उद्यमिता को बढ़ावा दे रही है, और युवाओं को भविष्य के रोजगार सृजक बनने के लिए सशक्त बना रही है।

सेवा पखवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत भाजपा द्वारा अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शिमला नगर निगम क्षेत्र में भी स्वच्छता व पौधरोपण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। आकाशवाणी से बातचीत में पार्षदों ने बताया कि ये कार्यक्रम 2 अक्तूबर तक जारी रहेंगे।

नवरात्र

प्रदेश में इन दिनों शारदीय नवरात्रों की धूम है। राज्य के सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों आज नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा–अर्चना की गई। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और मां के भजन–कीर्तनों से सारा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। इस दौरान मंदिरों में भंडारे लगाए जा रहे हैं और अनेक स्थानों पर रात के समय रामलीला का मंचन भी किया जा रहा है।